प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

**11.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे**

केंद्रीय मंत्री कार्यभार

नवगठित केंद्रीय मंत्रि परिषद के कई मंत्री आज अपना कार्यभार संभालेंगे। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री डॉ.एस जय शंकर, स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और खेल तथा युवा मामलों के मंत्री मनसुख मांडविया शामिल हैं जो आज से अपने कार्यालय में कामकाज शुरू करेंगे। उनके साथ महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू और जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल भी आज कार्यभार संभालेंगे। इनके अलावा विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जीतेंद्र सिंह भी आज कामकाज शुरू करेंगे।

मनीष गर्ग

प्रदेश में निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे के बाद खाली हुई हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ सीट पर पर उपचुनाव 10 जुलाई को होंगे। केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से उपचुनाव की घोषणा के बाद हमीरपुर, कांगड़ा और सोलन जिले में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव आयोग की ओर से जारी चुनाव कार्यक्रम के तहत 14 जून को अधिसूचना जारी होगी और नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। 21 जून तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। 24 जून को नामांकन पत्रों की छंटनी होगी और 26 को नाम वापिस लिए जा सकेंगे। 10 जुलाई को मतदान के बाद 13 जुलाई को नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे।

शपथ

प्रदेश में उप चुनाव के माध्यम से 14वीं विधान सभा के लिए नव निर्वाचित सदस्यों को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया शपथ दिलाएँगे। यह शपथ समारोह कल सुबह 11 बजे विधानसभा सचिवालय के पुस्तकालय कक्ष में आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस उप चुनाव में कांग्रेस पार्टी के 4 जिसमें लाहौल स्पिति से अनुराधा राणा, सुजानपुर से कैप्टन रणजीत सिंह, कुटलैहड़ से विवेक शर्मा और गगरेट से राकेश कालिया शामिल हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी के 2 सदस्य धर्मशाला से सुधीर शर्मा, और बड़सर निर्वाचन क्षेत्र से इन्द्र दत्त लखनपाल, निर्वाचित शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित मंत्रिमंडल के सदस्य और नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के विधायक भी इस समारोह में शामिल होंगे।

बस सेवा

देश की सबसे लंबी 9 सौ 81 किलोमीटर दिल्ली–लेह बस सेवा आज से केलंग से लेह के लिये आरंभ हुई। केलंग के उपमंण्डल अधिकारी रजनीश शर्मा ने केलंग बस स्टैंड से लेह के लिये बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पहली रुट से लेह जाने वाले पर्यटकों व सवारियों को निगम प्रबंधन की ओर से उपमंण्डल अधिकारी ने ख़तग पहनाकर सम्मानित किया। देश की सबसे लंबी और ऊंचाई वाली दिल्ली–लेह बस सेवा 4 दर्रो बारालाचा पास, नकिल्ला दर्रा, लाचुंगला पास और तांगलांग्ला पास से होकर हिमाचल से लद्दाख पहुचेगी वहीं इस सफर में लगभग 33 घण्टे लगेंगे और इस सफर का किराया 1 हजार 6 सौ 27 रुपये निर्धारित किया गया है। रजनीश शर्मा ने बताया कि आज से दिल्ली लेह बस को केलंग से लेह के लिये आरंभ कर दिया है पिछली बार ये सेवा 8 जून को आरंभ हुई थी।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **पंजाब केसरी** के शब्द हैं **3 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव 10 जुलाई को। अमर उजाला** ने लिखा है **तीन जिलों में आचारसंहिता लागू, 21 जून तक भर सकेंगे नामांकन पत्र, 13 जुलाई को नतीजे। दैनिक भास्कर और दैनिक जागरण** का लगभग एक जैसा शीर्षक है **नालागढ़, हमीरपुर और देहरा विधानसभा की तीन सीटों पर 10 जुलाई को उपचुनाव। हिमाचल दस्तक** का कहना है **विस की 3 सीटों पर 10 जुलाई को उपचुनाव, 13 जुलाई को मतगणना। दैनिक सवेरा टाइम्स ने लिखा है हिमाचल में फिर बजा चुनावी बिगुल, 21 जून को नामांकन, 10 जुलाई को मतदान और 13 को मतगणना।**

**पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के हवाले से लिखा है समझौते के अनुसार दिल्ली को पानी देंगे, चुकाना होगा मोल। आपका फैसला** के शब्द हैं **समझौते के अनुसार दिल्ली को पानी देगा हिमाचल।**

**नडडा को स्वास्थ्य, रसायन व उर्वरक मंत्रालय से हिमाचल को उम्मीदें पंजाब केसरी** की एक खबर है। **दैनिक जागरण** के शब्द हैं **नडडा को स्वास्थ्य मंत्रालय मिलने से हिमाचल में ट्रामा सेंटर बनने की उम्मीद।**

मौसम की खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **4 शहरों का पारा 40 डिग्री पार, अगले पांच दिन 6 जिलों में हीटवेव का अलर्ट। हिमाचल दस्तक** ने लिखा है **हिमाचल के 6 जिलों में 12 से 14 जून तक चलेगी लू।**

**सी पी डब्ल्यू डी ने बंद किया प्रारंभिक शिक्षा विभाग का उपनिदेशक कार्यालय दैनिक जागरण** की एक खबर है। दिव्य हिमाचल ने लिखा है **प्रारंभिक शिक्षा उप निदेशक कार्यालय सील।**

**दैनिक भास्कर** के अनुसार **पेंशन में जुड़ेगा कान्ट्रैक्ट पीरियड का लाभ, वित्त विभाग ने जारी किए आदेश।**